एक नजर

भोपाल नगर में सुचारू पेयजल प्रदाय सुनिश्चित करें-मुख्यमंत्री

नगर निगम आयुक्त को दिये निर्देश

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आयुक्त नगर निगम भोपाल वी.एस. चौधरी कोलसानी को कहा कि भोपाल शहर में सुचारू पेयजल वितरण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ तत्काल सुनिश्चित करें। पाइप लाइन से संबंधित स्वच्छता और सुधार कार्य पूर्ण होते ही स्वच्छ पेयजल प्रदाय किया जाए। साथ ही टैंकरों के माध्यम से कॉलोनियों में नागरिकों के लिए पेयजल प्रबंध और की गई अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन को अवगत करवाये। आमजन को पेयजल की दिक्कत नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान सुबह श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट उद्यान में पौध-रोपण के दौरान नगर निगम आयुक्त को यह निर्देश दिए।

स्टेशन मास्टर 31 मई को करेंगे हड़ताल

भोपाल,(निप्र)। रेल यात्रियों के लिए 31 मई का दिन परेशानी भरा साबित हो सकता है। मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस दिन ट्रेनों के पहिए थम सकते हैं। दरअसल आगामी 31 मई को स्टेशन मास्टरों की हड़ताल है और इसी के कारण यह स्थिति पैदा हो सकती है। अपनी पुरानी मांगों को लेकर इस दिन देशभर के स्टेशन मास्टर सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। हालांकि एक विकल्प जरूर है। स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि वे अपने इस निर्णय को बदल भी सकते हैं। देशभर के स्टेशन मास्टरों ने 31 मई को सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है। रेलवे के स्टेशन मास्टर का कहना है कि वे दशकों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते आ रहे पर सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की. यही कारण है कि इस बार वे सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। स्टेशन मास्ट एसोसिएशन के अनुसार समस्याओं के समाधान के लिए संगठन ने कई बार आंदोलन किए और ज्ञापन दिए। इसके लिए रेल मंत्री और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिले, लेकिन समस्याओं के समाधान की सभी ने अनदेखी की। यही कारण है कि देशभर के स्टेशन मास्टरों ने अब एक दिन के लिए पूरे देश में आगामी 31 मई को सामूहिक छुट्टी पर जाने की घोषणा की है।

ईवीएम नहीं,बैलेट पर भरोसा !

■ कमलनाथ ने की बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग ■ कई देशों में लगी है ईवीएम पर रोक-कमलनाथ ■ अपनी मांग को लेकर बोले कमलनाथ ■ अमेरिका में बैलेट पेपर से चुनाव हो सकते हैं तो भारत में क्यों नहीं हो सकते चुनाव ■ आखिर बैलेट पेपर से क्यों डर रही है शिवराज सरकार ■ सत्ता में आए तो हटा देंगे ईवीएम ■ उमाशंकर गुप्ता ने किया कमलनाथ पर पलटवार ■ कहा-कांग्रेस चुनाव हारती है तो उठाती है ईवीएम पर सवाल

भोपाल,(निप्र)। चुनाव चाहें विधानसभा का हो, लोकसभा का हो या स्थानीय निकाय का हो। चुनाव से पहले ही ईवीएम की चर्चा शुरू हो जाती है। कभी ईवीएम से छेड़छाड़ करने का आरोप लगता है तो कभी हार का ठीकरा भी ईवीएम पर फोड़ दिया जाता है। ऐसे में पिछले कुछ सालों से जब भी चुनाव आते हैं कांग्रेस एक ही मांग दोहराती रही है कि चुनाव ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से कराए जाएं। उसे ईवीएम पर कभी भरोसा नहीं रहा। इस बार भी कांग्रेस अपनी वर्षों पुरानी इस मांग पर कायम है। मध्यप्रदेश में पंचायत और नगरीय निकायों के चुनाव की तैयारियां हो रही हैं। ऐसे में मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने नगरीय निकायों के चुनाव बैलेट पेपर से कराने मांग की है। तो वहीं पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस चुनाव हारती है तो ईवीएम पर सवाल उठाती है...जीतने पर ईवीएम अच्छी लगने लगती है।

दरअसल राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस के तीन दिवसीय चिंतन शिविर के आखिरी दिन ईवीएम का मुद्दा उठा था। शिविर के दौरान बैलेट पेपर पर चुनाव की मांग करने का प्रस्ताव रखा गया। हालांकि उपसमूह ने इसे ठुकरा दिया और कहा कि यह सभी दलों की चिंता है और एक सर्वदलीय बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक के दौरान कई नेताओं ने ईवीएम का विरोध किया। कई राजनीतिक दलों ने चुनाव में अपनी हार के लिए ईवीएम को जिम्मेदार ठहराया। मगर कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि अगर उनकी सरकार आई तो ईवीएम से चुनाव नहीं कराए जाएंगे। कांग्रेस की इस लाइन को आगे बढ़ते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ ने मध्यप्रदेश में भी नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम की बजाए बैलेट पेपर से कराने की मांग की है। कमलनाथ का कहना है इवीएम से चुनाव की शुरूआत कांग्रेस ने ही की थी लेकिन वो ईवीएम अलग थी। अब इवीएम के कई बदलाव कर दिए गए हैं। कमलनाथ का कहना है अमेरिका, इंग्लैंड, इटली और जर्मनी सहित अधिकांश विकसित देशों में ईवीएम के उपयोग पर रोक है और वहां चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से होते हैं। दरअसल भोपाल में कांग्रेस की युवा विंग एनएसयूआई के कार्यक्रम में पीसीसी में शामिल होने आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने एक बार फिर कहा कि ईवीएम के बजाए बैलट पेपर से राज्य सरकार चुनाव करा सकती है। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका में बैलट पेपर से चुनाव हो सकते हैं, तो भारत मे क्यों नहीं। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आएगी, तो बैलट पेपर से चुनाव कराने की मांग करेंगे। वहीं मध्यप्रदेश नगरीय निकाय चुनाव संचालन समिति के संयोजक पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर कहा कांग्रेस चुनाव हारती है तो ईवीएम पर सवाल उठाती है। जीतने पर ईवीएम अच्छी हो जाती है। बीजेपी पहले से ईवीएम से चुनाव के पक्ष में रही है। इंडियन मेयर काउंसिल ने भी ईवीएम से चुनाव का समर्थन किया है।

कमलनाथ की मांग पर विष्णुदत्त का पलटवार-पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि कोई भी चुनाव बैलेट पेपर नहीं, बल्कि जनता जिताती है। श्री शर्मा ने अपने बयान में कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि जिनकी जमीन नहीं होती, वे ऐसी ही बातें करते हैं। चुनाव जनता जिताती है, कोई बैलेट पेपर चुनाव नहीं जिताता।

सबके लिए थी संबल योजना, कमलनाथ सरकार ने कर दी थी बंद- शिवराज

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को संबल 2.0 योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना के तौर पर हर वर्ग और समाज के लिए संबल योजना बनाई, लेकिन कमलनाथ सरकार के समय में उसे बंद कर दिया गया। श्री चौहान ने सिंगल क्लिक के माध्यम से इस योजना की शुरूआत करते हुए कहा कि ये योजना उन्होंने 2018 में बनाई, लेकिन बीच में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार आ गई। यह योजना बंद कर दी गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने इस योजना में गरीबों का पंजीयन किया था, कोई भी मजदूरी करने वाले का, भले ही वह किसी भी जाति-समाज का हो।

मुख्यमंत्री आज करेंगे मिशन नगरोदय का शुभारंभ- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 मई को शाम 6 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में मिशन नगरोदय का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान 21 हजार करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअल माध्यम से भूमि-पूजन, लोकार्पण, गृह-प्रवेश और हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से राशि वितरण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद भी करेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह और राज्य मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान अमृत-2.0 में 12 हजार 858 करोड़ 71 लाख और स्वच्छ भारत मिशन-2.0 में 4 हजार 913 करोड़ 74 लाख रुपए की योजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

प्रदेश में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर लू के आसार

■ 18 कई के बाद उतरेगी मौसम की लू
■ 15 जून तक मप्र पहुंच सकता है मानसून

भोपाल,(निप्र)। राजधानी भोपाल समेत सम्पूर्ण राज्य में गर्मी के सख्त तेवर के बीच अगले चैबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर लू चलने के आसार हैं। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में गर्मी सख्त तेवर दिखा रही है। राज्य के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। भीषण गर्मी के असर से राज्य के अधिकांश स्थानों पर दोपहर के समय सड़के सूनसान देखी गयी। राज्य के पूर्वी हिस्से में आने वाले खजुराहो और नौगांव में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 47. 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। इसी अंचल में आने वाले सतना 46. 1, सीधी में 45. 4, दमोह 45. 2, उमरिया में 44. 2, जबलपुर में 43. 9, टीकमगढ़ में 43. 8, नरसिंहपुर 43. 6, सागर में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वहीं 15 जून तक इसके मध्यप्रदेश में पहुंचने के आसार है। मौसम विभाग ने इसी सप्ताह उत्तराखंड, मेघालय, असम और केरल में बारिश का अनुमान जताया है। मप्र में 18 मई से लू का प्रकोप कम होने का अनुमान है। तापमान भी नीचे गिरेगा। सबकुछ ठीक रहा तो जून के दूसरे हफ्ते तक मानसून मध्यप्रदेश में दस्तक दे देगा। मौसम विभाग का कहना है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर मानसून पहुंचेगा। हालांकि, केरल में 27 मई तक पहुंचेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि 18 के बाद गर्मी के तेवर नरम पड़ेंगे। 18 मई से 22 मई तक बादल छाने से कहीं-कहीं बारिश होगी। प्री-मानसून में पहली अच्छी बारिश के आसार 22 मई से तीन दिन तक बने रहेंगे। यह स्थिति 25 मई तक रह सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन और इंदौर के कुछ इलाकों में होगा। **दो दिन 24 जिलों में लू का अलर्ट**-मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में कहीं-कहीं लू से राहत मिल गई, लेकिन अब भी ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और बघेलखंड के इलाके अब भी भट्?टी की तरह तप रहे हैं। मौसम विभाग ने ग्वालियर, राजगढ़, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योरपुर कलां, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, छतरपुर, सागर, टीकमगढ़ पन्ना और निवाड़ी में कहीं-कहीं अगले दो दिन कहीं-कहीं और कहीं एक दिन लूट चलने का अलर्ट जारी किया है।

जबरिया धर्मांतरण का मामला

स्कूल संचालक मैथ्यू समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

भोपाल,(निप्र)। राजधानी भोपाल में धर्मांतरण मामले में निजी स्कूल संचालक मेनिस मैथ्यू समेत 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में खुफिया तंत्र को धर्मांतरण पर नजर रखने के निर्देश दिए है। वहीं, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मध्य प्रदेश में लालच देकर धर्मांतरण करने का पाप करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। भोपाल के बैरागढ़ के स्कूल में धर्मांतरण मामले पर मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि म.प्र में लालच देकर धर्मान्तरण के लिये कोई स्थान नहीं है, धर्मान्तरण पाप है, यह पाप करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी, धर्मांतरण का पाप मध्यप्रदेश में अनुमति योग्य नहीं है, जैसे ही मामला संज्ञान में आया तुरंत कार्रवाई की गई है, यह चेतावनी है उन लोगों को जो लालच देकर गुमराह करके धर्मांतरण कराते हैं उनका स्थान जेल है,जो धर्मांतरण में लगे हुए है वो समझ लें बीजेपी की सरकार है, ऐसी कोई घटना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

झूठा आरोप लगाकर मैदान छोड़ भाग जाना भाजपा का चरित्र : दिग्विजय

साहस है तो गुना के आरोपियों के कॉल डिटेल निकालें

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश के गुना जिले में तीन पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोपियों को संरक्षण देने को लेकर बीजेपी-कांग्रेस में आरोप प्रत्योराप जारी है। वीडी शर्मा के आरोप पर सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पलटवार किया है। दिग्विजय सिंह ने सोमवार को कहा कि झूठा आरोप लगा कर मैदान छोड़ कर भाग जाना भाजपा का चरित्र है। साहस है तो आरोपियों के कॉल डिटेल्स निकालें। पता लग जाएगा कौन किसके साथ हैं। इससे पहले दिग्विजय के बेटे और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम लेकर ट्वीट किया था कि गुना हत्याकांड में महाराज के आदमियों के के नाम आते ही पूरी भाजपा को सांप क्यों सूंघ गया। बताइये चुनिंदा लोगों की विशेष दावत में ग्रामीण विकास मंत्री के साथ शिकारी क्या कर रहे हैं?

बता दें गुना में पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाले शिकारियों को दिग्विजय सिंह के संरक्षण देने और राघौगढ़ किले से कनेक्शन के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने आरोप लगाए थे। उन्होंने इस पर दिग्विजय सिंह से जवाब देने को कहा था।

नानकपुर के ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव की शिकायत की

विदिशा,(निप्र)। नटेरन जनपद के अंतर्गत ग्राम नानकपुर से ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए उन्होंने कुटीर और शौचालय आदि पंचायत से जारी ना होने की शिकायत की वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि उनके परिवार के नाम कुटीर आवंटित हुई थी लेकिन सचिव व सरपंच ने अपनी मनमानी के चलते नाम काट दिए कुछ लोगों ने बताया कि एक डेढ़ साल पहले फॉर्म भरे थे लेकिन अब तक कुटीर आवंटित नहीं हुई है। उन्होंने सचिव व सरपंच पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं बताया गया कि लगभग 15.16 परिवार ऐसे हैं जिन्हें कुटीर के फॉर्म भरने के बाद भी अब तक आवंटन नहीं हुआ है।

बेतवा सदा नीरा बनी रहे अनेक संगठनों की बैठक, संरक्षण पर हुआ मंथन

विदिशा,(निप्र)। रामद्वारा स्थित रेस्ट हाउस में बेतवा सदानीरा विषय पर विदिशा के समाज सेवक संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के संयोजक महलघाट सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह ने बताया किए आज विदिशा के समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले तथा बेतवा पर काम करने वाले संगठनों की बैठक में उपस्थित सभी संगठनों ने अपनी अपनी बात रखी और एकमत से तय किया की बेतवा को सदानीरा बनाने हेतु एक जन अभियान बनाया जाएगा । सभी संगठन एक स्वर से बेतवा को सदानीरा बनाने हेतु सामूहिक प्रयास करेंगे और शासन प्रशासन के समक्ष अपनी मांग रखेंगे।

इस बैठक को संबोधित करते हुए बेतवा उत्थान समिति के अध्यक्ष अतुल शाह ने कहा बेतवा को बचाने हेतु उसके दोनों किनारों पर सघन वृक्षारोपण की और उसके जल के मूल स्त्रोतों को बचाने की आवश्यकता है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अतुल तिवारी ने कहा शासन प्रशासन को जगाने बेतवा को लेकर जन आंदोलन की जरूरत है। मुक्ति धाम सेवा समिति के मनोज पांडे, बाल विहार कल्याण समिति के सचिन तिवारी ,महलघाट सेवा समिति के करतार सिंह, विजय मंदिर मुक्ति समिति के देवेंद्र राठौर, पर्यावरण मित्र नीरज चौरसिया, खिदमत ग्रुप के सोहेल अहमद बबलू ,लायंस क्लब की ऋतु देवलिया, डॉक्टर आरती शर्मा, बहराबाबा घाट सेवा समिति के प्रशांत शर्मा, राजपूत समाज के सचिव शैलेंद्र सिंह, रामसेवक मीणा, नरेंद्र सिंह दांगी, मनोज जैन ,रविंद्र रघुवंशी, पहाड़सिंह रघुवंशी ,नरेंद्र शर्मा, आशीष माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

राज्य अजा आयोग के सदस्य का भव्य स्वागत

कुरवाई। एक दिवसीय कुरवाई दौरे पर आए राज्यमंत्री अहिरवार का नितिन जैन ओर कमलेश सप्रे के नेतृत्व में मेहलुआ चौराहे पर स्वागत राजा यादव के निवास पर किया गया।

CHOKSI LABORATORIES LIMITED

CIN : L85195MP1993PLC007471
Regd. Off.: Survey No. 9/1, Near Tulsiyana Industrial Park, Gram Kumedi, Indore-452010 (MP.) Website: www.choksilab.com
E-mail: compliance_officer@choksilab.com

NOTICE

NOTICE is hereby given that Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, 01/2022-23 meeting of Board of Directors of **M/s. CHOKSI LABORATORIES LIMITED** has been scheduled to be held on Saturday, 28th day of May, 2022, at 02.30 PM at the registered office of the Company Survey No. 9/1, Near Tulsiyana Industrial Park, Gram Kumedi, Indore, MP-452010 IN (1) inter-alia, to consider, approve and take on record Audited Financial Results of the Company for the Fourth Quarter and Year ended on 31st March, 2022; along with other agenda item as part of Notice.

Pursuant to SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, it is hereby notified that "Trading Window" of the Company has already been closed from 1st April, 2022 to 28th May, 2022 (both days inclusive).

The aforesaid Notice is also available on the Company Website www.choksilab.com and BSE Website: www.bseindia.com.

By order of the Board
For **Choksi Laboratories Limited**
Sd/-
Yash Gupta
Company Secretary & Compliance Officer

Place : **INDORE**
Date : **16.05.2022**

संबल योजना के हितग्राहियों को किया लाभांवित

विदिशा,(निप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशभर में संबल योजना के हितग्राहियों को लाभ देते हुए परिजनों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से राशि जारी की। जिले के 430 हितग्राहियों के खाते में भी इसी प्रकार से राशि जारी की गई। कलेक्ट्रेट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में कलेक्टर सहित तमाम अन्य अधिकारियों और हितग्राहियों ने भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सुना । कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए योजनाओं के बारे में बताया।

नकली किन्नरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल भेजा

विदिशा,(निप्र)। पिछले कुछ दिनों से शहर में नकली किन्नर बनकर लोगों को से ठगी करने, अनावश्यक वसूली करने, बधाई देने के नाम पर उगाही करने की शिकायतें मिल रही थी। सिविल लाइन पुलिस ने जालोरी पेट्रोल पंप के नजदीक से कार में मौजूद 4 किन्नरों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में भी यह स्पष्ट हुआ कि चारों पुरुष है और नकली किन्नर बनकर अडीबाजी और ठगी का काम कर रहे हैं ।

G. G. AUTOMOTIVE GEARS LIMITED

2-A, I.S. Gajra Industrial Area - 1, A.B. Road, Dewas, MP - 455001
Phone: 07272-405310 • Fax: 07272-404802
Email: npshrivas@ggautomotive.com, website: www.ggautomotive.com
CIN: L29130MP1974PLC035049

STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / YEAR ENDED 31ST MARCH 2022

(Rs. In Lakhs)

Sr. No.	Particulars	Quarter ending 31.03.2022 Audited	Year to date Figures / Previous year ending 31.03.2022 Audited	Quarter ending 31.03.2021 Audited
1	Total Income from Operations	1545.31	4771.04	596.31
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax,	20.84	41.72	-112.87
3	Exceptional and/or Extraordinary items) Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinaryitems)	20.84	41.72	-112.87
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	24.7	41.58	-67.15
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	24.7	41.58	-67.15
6	Equity Share Capital	791.61	791.61	791.61
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	1247.58	1247.58	1247.58
8	Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) -			
	(a) Basic	0.31	0.53	-0.85
	(b) Diluted	0.31	0.53	-0.85

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange at www.bseindia.com (s) and the Company's website.

For G. G. Automotive Gears Ltd
S/d
Kennedy Ram Gajra
Chairman & Managing Director
Din No: 02092206

Place: Dewas, MP
Date: 16/05/2022

GORANI INDUSTRIES LIMITED

CIN: L28121MP1995PLC009170
Regd. Office: 32-33, Sector-F, Sanwer Road Industrial Area, Indore-452 015 (M.P.) Phone: 0731-2723201
Fax: 0731-2723200, E-mail: gorani.industries@yahoo.com, Website: www.goraniindustries.com

Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2022

(₹ in Lakhs except EPS)

S. No.	Particulars	Quarter Ended 31.03.2022 Audited	Quarter Ended 31.12.2021 Unaudited	Quarter Ended 31.03.2021 Audited	Year Ended 31.03.2022 Audited	Year Ended 31.03.2021 Audited
1	Total Income from Operations	828.14	967.16	431.07	2875.51	1839.80
2	Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or extraordinary items#)	124.90	46.76	20.66	226.61	91.29
3	Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items#)	124.90	46.76	20.66	226.61	91.29
4	Net Profit/ (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items#)	91.53	34.31	13.89	166.31	65.99
5	Total Comprehensive Income for the period [comprising profit/ (loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	86.03	34.31	14.96	160.81	67.06
6	Equity Share Capital	487.51	487.51	487.51	487.51	487.51
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-	479.53	89.59
8	Earnings Per Share (in ₹) (of ₹ 10/- each) (for continuing and discontinued operations): (a) Basic	1.88	0.70	0.28	3.41	1.35
	(b) Diluted	1.86	0.70	0.28	3.39	1.35

Notes :

A. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Website **www.bseindia.com** and on the Company's Website **www.goraniindustries.com**.

B. The impact on Net Profit/ (Loss), total comprehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note: N.A.

C. # - Exceptional Items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules.

D. During the Quarter ended on 31.03.2022, the Company has allotted 487500 warrants at a price of ₹ 47.00 each convertible into equivalent number of equity shares on preferential basis and the Amount of ₹ 229.13 Lakhs received against said warrants is included in Reserves.

For and on behalf of the Board
Nakul Gorani Whole Time Director DIN: 06543317
Sanjay Gorani Managing Director DIN:00055531

Place : **Indore**
Date : **16.05.2022**